## महत्वपूर्ण एवं खास

### मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत कुकिंग कास्ट एवं रसोइया मानदेय का भुगतान

» पीएफएमएस पोर्टल से किया गया

**रायगढ़।** मध्यान्ह भोजन योजना जो कक्षा पहली से आठवीं तक संचालित होती है, जो केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उसके कुकिंग कास्ट एवं रसोइया के मानदेय का भुगतान पोर्टल बदलने के कारण अभी तक नहीं हो सका था। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार नया पोर्टल पीएफएमएस में एंट्री का कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश पटेल की सक्रियता से नवीन पोर्टल में पूर्ण कराकर मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत 38 दिवस का सूखा राशन वितरण की राशि कुकिंग कास्ट (माह अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर 2021) एवं रसोइया मानदेय माह नवंबर 2021 का भुगतान 23 दिसंबर 2021 को स्व-सहायता समूह एवं रसोइया के खाते में राशि हस्तांतरित कर दिया गया है।

### चार लोगों की असामायिक मृत्यु पर वारिसानों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ अंतर्गत 4 लोगों की प्राकृतिक आपदा से असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील तमनार के ग्राम-बालजोर निवासी बैसाखी भुईहर की 10 फरवरी 2021 को कुआं में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र सुकलाल एवं सुकदेव को 4 लाख रुपये, तहसील तमनार के ग्राम-महलोई निवासी बलसाय राठिया की 23 जुलाई 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी शांति राठिया को 4 लाख रुपये, तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-जमरगी डी निवासी आनंद सिंह की 23 अगस्त 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता-रामसिंह को 4 लाख रुपये तथा धरमजयगढ़ के रोशन श्रीवास्तव की 25 जुलाई 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता ललन श्रीवास्तव को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### दुर्ग- पुरी ट्रेन में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल से चलने वाली दुर्ग-पुरी-दुर्ग में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 18426/18425 दुर्ग-पुरी-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में 01 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। यह सुविधा पुरी से 24 से 27 दिसम्बर तक एवं दुर्ग से 25 से 28 दिसम्बर तक दी जा रही है।

# 25 लाख 52 हजार 658 क्विंटल हुई धान खरीदी, किसानों को 393 करोड़ 70 लाख का भुगतान जारी

**रायगढ़।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने से आज तक कुल 25 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी की जा चुकी है। इसके साथ ही कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन के फलस्वरूप मिलरों द्वारा उठाव भी तेजी से किया जा रहा है।

जिले भर के 9 ब्लाक में कुल 143 उपार्जन केन्द्र बनाए गए। जिसके माध्यम से समर्थन मूल्य पर किसानों द्वारा धान की ब्रिकी की जा रही है। जिले में किसानों की सुविधा अनुसार नवीन उपार्जन केन्द्र भी बनाए गए है। जिससे किसानों में उत्साह भी है। आज की स्थिति में जिले में कुल 25 लाख 52 हजार 658.80 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। आगामी दिनों धान की ब्रिकी में और तेजी आ सकती है। इसके साथ उपार्जन केन्द्रों से 130



मिलरों द्वारा 10 लाख 4 हजार 811.60 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। इस दौरान 45 हजार 155 किसानों द्वारा किसानों द्वारा धान ब्रिकी किया है। जिसके लिए 393 करोड़ 70 लाख 93 हजार रुपये जारी किया जा चुका है। किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने आदि की व्यवस्था उपार्जन केंद्रों में की गई है।

एकताल उपार्जन केन्द्र में पहुंचे एकताल निवासी विजय पांडा ने बताया कि 30 क्विंटल धान बेचने आया हूं। पूरा धान आज बेच रहे है जिसके लिए एक दिन पहले पहले ही तो टोकन मिला। टोकन मिलने में किसी प्रकार की समस्या नही आयीं। इसी प्रकार एकताल निवासी हरिहर निषाद ने बताया कि किसानों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं है। 80 कट्टा धान बेचने आये है। वर्तमान में यहां बारदाने की दिक्कत नहीं है, सभी काम आसानी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिंजकोट, नवापाली, बोइरडीह, धनवारडेरा, बड़माल एवं एकताल के किसान यहां धान बेचने आते है। समिति प्रबंधक ने बताया कि अब तक 4841.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। यहां 93 किसानों के लिए 83 लाख 84 हजार 721 रुपये जारी किया जा चुका है। इसके साथ ही मिलर द्वारा धान उठाव का कार्य जारी है।

**किसान माइक्रो एटीएम से ले सकते है भुगतान-** किसानों के भुगतान संबंधी समस्या को दूर करने के लिए कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार अपेक्स बैंक के द्वारा जिले के ब्लॉक स्तर पर समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई है। जिसके तहत रायगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत जामगांव, तारापुर, भातपुर, कोड़तराई, तरकेला, लोईंग, पुसौर ब्लाक अंतर्गत पुसौर, पड़िगांव, बड़े हल्दी, बड़े भंडार, कोड़पाली, बरमकेला ब्लाक अंतर्गत लोधिया, बार, दुलोपाली, सारंगढ़ ब्लाक अंतर्गत दानसरा, गुड़ेली एवं धरमजयगढ़ अंतर्गत कुडेकेला, छाल, धरमजयगढ़, सिसरिंगा, खड़गांव, कापू के समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा किसानों के लिए प्रदान की गई है। जिससे किसान इन माइक्रो एटीएम के माध्यम से नगद आहरण कर सकते है।

## युवती ने की दो आदतन बदमाशों पर रास्ता रोककर परेशान करने की शिकायत

» चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों पर की कार्रवाईए एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** आज दिनांक 24.12.21 के दोपहर थाना चक्रधरनगर आकर कॉलेज की छात्रा द्वारा ग्राम बंगुरसिया के हमीरपुर बंगुरसिया मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल से शुभम चौहान और पाश्कल तिर्की द्वारा रास्ता रोककर गाली गलौच करने की लिखित शिकायत लेकर थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह से मिली। थाना प्रभारी द्वारा महिला विवेचक को शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 294,341,34 का अपराध दर्ज करने निर्देशित किये तथा पेट्रोलिंग में कार्यरत प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत को दोनों आरोपियों की पतासाजी कर थाने लाने का निर्देश दिये। पेट्रोलिंग पार्टी दोनों आरोपियों की पतासाजी किया गया , जिनके द्वारा आरोपी पास्कल तिर्की पिता भुवनेश्वर तिर्की उम्र 26



साल निवासी आईटीआई कालोनी चक्रधरनगर को ग्राम भगोरा के पास से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी शुभम चौहान फरार है। दोनों आरोपी पूर्व में हत्या का प्रयाय तथा आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी रहे हैं। थाने में लाये गये। आरोपी पास्कल तिर्की द्वारा प्रार्थीया को देख लेने की धमकी देने पर थाना प्रभारी द्वारा आरोपी पास्कल तिर्की पर धारा 151, 107, 116(3) सीआरपीसी की पृथक से कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी पास्कल तिर्की को जेल दाखिल किया गया है।

## कलेक्टर ने शहर में घूम कर निराश्रित व वृद्धजनों को ठंड से बचाव के लिये वितरित किया कंबल

**रायगढ़।** वर्तमान में शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए बेसहारा, भिक्षुक, निराश्रित, वृद्ध एवं निःशक्त व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्र आदि की व्यवस्था के लिए आज कलेक्टर भीम सिंह ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ नगर भ्रमण कर जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनके जीवन-यापन के बारे में जानकारी ली। साथ में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन निराश्रित



जनों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ पहुंचाये। इस दौरान बस स्टैंड में आश्रय लिए दिव्यांग राजू ने कलेक्टर सिंह से कहा कि पैर में घाव होने की वजह से उसे बहुत दिक्कत होती है। कलेक्टर सिंह ने मौके पर ही राजू को सोमवार को जिला चिकित्सालय में इलाज हेतु ले जाने अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही बढ़े ठंड से बचाव के लिए अन्य दिनों में भी रात्रि भ्रमण कर जरूरत मंद व्यक्तियों की मदद किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड, बुजी भवन, सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर, गौरीशंकर मंदिर, शनि मंदिर, चक्रधर नगर चौक, ओवर ब्रिज के नीचे, रेलवे स्टेशन व सत्तीगुड़ी चौक, सारंगढ़ बस स्टैंड इलाके में खुले में रह रहे निराश्रित जनों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया।

केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड में रैन बसेरा का निरीक्षण कर केयर टेकर को यात्रियों के रहने लायक व्यवस्था एवं साफ -सफाई के प्रबंध हेतु निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम द्वारा की गई अलाव की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने चौक-चौराहों पर आवश्यकतानुसार अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के अधिकारी जांगड़े, विनय तिवारी सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर एवं हेल्परों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड रायगढ़ के ग्राम स्तर से पंचायत द्वारा चयनित इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर एवं हेल्परों को विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पंप ऑपरेटिंग स्टार्टर चलाने का प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्लंबिंग कार्य के लिए एल्बो टी बैंड, यूनियन पीवीसी पाइप, सैंडल निप्पल क्लेम, सॉल्वेंट, टेफलॉन का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर पानी सप्लाई के दौरान पाइप लाइन में होने वाले समस्या को कैसे ठीक करना है व वाल चालू बंद करने के सही तरीके के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिससे कि ग्राम स्तर पर लोगों को रोजगार के साथ-साथ एक कुशल इलेक्ट्रिशियन प्लंबर हेल्पर मिल सके, जिससे कि इन समस्याओं को ग्राम स्तर पर तत्कालिक रूप से सही और ठीक किया जा सके। प्रशिक्षण




कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ श्रीमती भूमिसुता चौहान ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो के सही तरीके से संचालन करने के लिए सभी लोगों का दायित्व और भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़ सागर राज सिंह ने पेयजल के सुचारू संचालन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नल जल के माध्यम से घरों में लग रहे नल कनेक्शन का सही तरीके से इस्तेमाल करने और पानी को बचाने के लिए जन जागरूकता लोगों में लाना बहुत आवश्यक है, इसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ जे.पी.गौड़ ने जल जीवन मिशन के तहत प्रति व्यक्ति 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की इस योजना के विषय में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 तक ग्राम के सभी घरों को नल जल की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस मौके पर दुर्गेश माधव आईएसए कोऑर्डिनेटर ने इलेक्ट्रिशियन प्लंबर एवं हेल्परों के ग्राम स्तर पर दायित्व के विषय में जानकारी दी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड रायगढ़ एवं पुसौर के समस्त ग्राम में इस योजना के सफल क्रियान्वयन एवं रख-रखाव हेतु समुदाय की भूमिका एवं स्वामित्व के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु चयनित सहायक क्रियान्वयन एजेंसी निश्चय समिति रायगढ़ के निर्देशक संदीप चक्रवर्ती एवं टीम लीडर निमिष साव उपस्थित रहे।

## होटल खाना खाने गये बालक के घर लौटकर नहीं आने से परिवार हुआ चिंतित

» गुम बालक की चंद घंटों में पतासाजी कर नगर कोतवाल ने परिजनों को सौंपा

**रायगढ़।** दिनांक 23.12.2021 के रात्रि करीब 23.00 बजे बेलादुला खर्राघाट में रहने वाला एक परिवार थाना कोतवाली आकर थाना प्रभारी मनीष नागर को बताये कि उनका 16 वर्षीय पुत्र शाम को अपने दोस्तों के साथ मेजबान होटल बिरयानी खाने गया था जो अब तक घर नहीं आया है और उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका में काफी चिंतित थे, वे बताये कि आसपास के सभी रिस्तेदारों, जान परिचित में मोबाइल पर सम्पर्क कर बालक का पता लगाये हैं, अभी तक बालक का पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी द्वारा थाने में धारा 363 आईपीसी का अपराध दर्ज कर परिवार वालों को आश्वासन दिया कि जल्द ही बालक को खोज निकाला जाएगा और गस्त में रवाना होने वाले सभी कर्मचारियों को गुम बालक की फोटो मोबाइल पर व्हाटसअप कर गस्त दौरान बालक की अपने-अपने गस्त क्षेत्र में पतासाजी करने का निर्देश दिया गया। आज सुबह भोर करीब 4-5 बजे गुम बालक गोकुलधाम के पास मिला जिससे पूछताछ पर घरवालों से नाराजगी पर अपने रिस्तेदार के घर जाना बताया। कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा गुम बालक के परिजनों को बुलाकर बालक को डांट-डपट न करने की हिदायत दिये तथा बालक के चाइल्ड लाइन में कथन पश्चात बालक को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेगी शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की टीम

**रायगढ़।** रायगढ़ के जिंदल विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज प्रतियोगिता महिला वर्ग में बिहार, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम एवं छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों की लगभग 40 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय की टीम तमिलनाडु में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता करेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) ललीत प्रकाश पटैरिया ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह इस विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि अल्पकाल में ही



खेल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर बन रही है। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. तापस चटर्जी ने बताया कि शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय अखिल भारतीय स्तर पर विश्वविद्यालय को एक नई पहचान दिलायेगा। टीम मैनेजर के रूप में डॉ.देवार चंद पटेल तथा कोच के रूप में ईश्वर नेताम को नियुक्त कर टीम के साथ भेजा गया है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रकाश कुमार त्रिपाठी, प्रभारी अधिकारी प्रशासन सुनील कुमार अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी अकादमी डॉ.राजकुमार पटेल, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सौरभ प्रधान एवं समस्त कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को विजयी होने हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

### लर्निंग लायसेंस जारी किए जाने हेतु सारंगढ़ में एक दिवसीय शिविर 27 दिसम्बर को

रायगढ़। आम जनता की सुविधा के लिए रायगढ़ जिले के सभी ब्लाकों में लर्निंग लायसेंस का शिविर लगाया जाना है। इसी कड़ी में लर्निंग लायसेंस जारी किए जाने हेतु 27 दिसम्बर 2021 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन मंगल भवन, सारंगढ़ में किया जाएगा। 27 दिसम्बर को जिला परिवहन कार्यालय, रायगढ़ में लर्निंग लायसेंस का कार्य नहीं होगा।

जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक लर्निंग लायसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित किसी भी लोक सेवा केन्द्र/च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है या परिवहन विभाग की वेबसाईट श्चड्डह्वद्ध1ड्डद्धड्डठ्ठ.द्दश1.द्बठ्ठ से स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदक निर्धारित तिथि 27 दिसम्बर 2021 को बुक किए

## जिले में कोविड से मृत लोगों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 127 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रायगढ़ अंतर्गत 29 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें उमाशंकर नायक, नीलकंठ सिदार, गुलापी, चम्पाबाई नायक, प्रेमलाल साहू, संतोष कुमार पाण्डेय, सुधा ठेठवार, मिनकेतन गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता, आशा मानिकपुरी, गीता डनसेना, जय जायसवाल, नंदू प्रसाद, राजकमल पटेल, दिलीप नानकानी, सुभाष गुप्ता, अंजू अग्रवाल, बसंत टोन्डे, विजय कुमार दुबे, मो.नफीस अहमद, सुभाषिनी गुप्ता, जयपाल दास, बैजनाथ शर्मा, बुधराम सतनामी, सुशीला देवी, गजानंद, बालेश्वर, मुकेश किसान कनमर एवं विमला लहरे शामिल है।

इसी तरह लैलूंगा अंतर्गत मृत 3 व्यक्तियों में दुलारीदेवी, जयपाल पैंकरा एवं सरोज मल्होत्रा, बरमकेला अंतर्गत मृत 9 व्यक्तियों में पाण्डेय धोबी, कायामति, देवेन्द्र, जयराम पाणिग्राही, उपेन्द्र, देवनारायण, नानबुटी, धनमति पटेल एवं सुकान्ति, घरघोड़ा अंतर्गत मृत 2 व्यक्तियों में पान सिंह धोबा एवं बूंदकुंवर, पुसौर अंतर्गत मृत 8 व्यक्तियों में तिथी कुमार गुप्ता, कविता साव, महेत्तर राम घोघरे, सुलोचना पटेल, सुमित्रा भोय, भागीरथी ओगरे, अर्जुन साह एवं नारायण पटेल शामिल है। सारंगढ़ अंतर्गत मृत 39 व्यक्तियों में श्याम बाई, नान्हूदाई, प्रकाशलाल, माधुरी सिंह जगत, सुदर्शन, गोरेदास, मनीराम, सोनमती, परमेश्वर, चमरू साहू, कुन्तीमा, धनेश्वरी, मनमोहन दास, तीजराम, अनिल, संतानुदास, उत्तर सोनी, लच्छीराम, बुद्धेश्वर, विजय बसंत, तिहारबाई, मुरलीधर, रेशमलाल, भानुप्रिया, चन्द्रप्रकाश, सहोद्रा बाई, विमल बहिदार, सुमित्रा, गुलमती, पावल, संजय, कमल, रामनारायण, दरसराम जांगड़े, अजय, बुधेश्वर, गणेशराम, झूलबाई एवं श्यामबाई शामिल है। तमनार अंतर्गत मृत 4 व्यक्तियों में लुकेश्वर, दीपक जैन, दिनेश बेहरा एवं गन्धर्वीदास, धरमजयगढ़ अंतर्गत मृत 5 व्यक्तियों में कन्हैयालाल, कोयो एक्का, चुड़ामणी सिदार, रोहित कुमार पटेल एवं कमिल साय लकड़ा, खरसिया अंतर्गत मृत 28 व्यक्तियों में टंकेश्वरी पटेल, वेदमती, डमरूधर, मयाराम, गनपतलाल, सुबरनदास, राधेश्याम, परसराम, कमला बाई, नीलचंद गबेल, नकूल प्रसाद पटैल, जगदीश प्रसाद, भोकोराम रौतिया, दामोदर प्रसाद पटैल, नटवर, दुशीला, गणेश कुंवर, सुनीता कुर्रे, रेवती बाई, राकेश अग्रवाल, कमल सिंह, मीराबाई चौहान, चक्रधर, ममता डनसेना, गंगाबाई डनसेना, बिमला बाई, धनबाई एवं राजेन्द्र प्रसाद शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480